## महत्वपूर्ण एवं खास

### तकनीकी सहायक व कार्यक्रम अधिकारी के पात्र मेरिट सूची एवं कौशल परीक्षा में आंशिक संशोधन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी प्रकोष्ठ के तहत जिला एवं जनपद स्तर पर कार्यक्रम अधिकारी के 4 पद एवं तकनीकी सहायक के 25 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। पात्र आवेदनों को चयन समिति द्वारा जांच कर पात्र मेरिट सूची जारी करते हुए कौशल परीक्षा हेतु तिथि निर्धारित की गई थी। उक्त पदों के पात्र मेरिट सूची व कौशल परीक्षा में आंशिक संशोधन किया गया है। उक्त जानकारी कार्यालय जिला पंचायत रायगढ़ के सूचना पटल पर एवं रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अवलोकन की जा सकती है। इसके अलावा अन्य विज्ञापित पदों की सूची नियम, शर्तें एवं परीक्षा की तिथि यथावत रहेगी।

### बिहान अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों के लिए मेरिट व चयन सूची जारी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान)अंतर्गत क्षेत्रीय समन्वयक, लेखा सह एमआईएस सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं भृत्य संविदा पदों की प्रायोगिक, कौशल एवं साक्षात्कार परीक्षा में उपस्थित पात्र अभ्यर्थियों के प्राप्तांक, मेरिट सूची एवं चयन सूची कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ एवं जिला पंचायत रायगढ़ के सूचना पटल में प्रकाशित की गई है तथा जिले के वेबसाईट httpsÑ//raigarh.gov.in एवं बिहान के वेबसाईट www.bihan.gov.in पर अवलोकन कर सकते है।

### केबिनेट की बैठक 29 फरवरी को

**» मुख्यमंत्री निवास में होगी मुख्यमंत्री शामिल होंगे गिरौदपुरी मेले में**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में केबिनेट की बैठक 29 फरवरी को मुख्यमंत्री निवास रायपुर में होगी। पहले केबिनेट की यह बैठक कोरबा जिले के सतरेंगा में आयोजित होने वाली थी। मुख्यमंत्री श्री बघेल 29 फरवरी को गिरौदपुरी मेले में शामिल होंगे। मंत्री एवं समाज के गुरू रूद्रकुमार ने आज यहां मुख्यमंत्री से मुलाकात कर गिरौदपुरी में गुरू दर्शन मेला कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आर्मंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल के गिरौदपुरी मेले में शामिल होने के कारण केबिनेट की बैठक अब 29 फरवरी को रायपुर में ही आयोजित की गई है।

### बच्चों को कृमिनाशक एल्बेंडाजॉल खिलाने 28 फरवरी को मॉप-अप राउंड

**रायपुर।** प्रदेश में 24 फरवरी को कृमिनाशक एल्बेंडाजॉल गोली खाने से छूट गए बच्चों और किशोरों को 28 फरवरी को मॉप-अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक वर्ष से 19 वर्ष तक के शत-प्रतिशत बच्चों व किशोरों को कृमिनाशक दवा खिलाने के लिए मॉप-अप राउंड संचालित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर राज्य के सभी आंगनबाड़ियों, शासकीय एवं निजी स्कूलों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों, कॉलेजों, आई.टी.आई., पॉलिटेक्निक कॉलेजों और आश्रम-छात्रावासों में बच्चों तथा किशोरों को कृमिनाशक एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई गयी थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार भारत उन देशों में शामिल है जहां कृमि संक्रमण और इससे संबंधित रोग ज्यादा पाए जाते हैं। कृमि की वजह से एनीमिया और कुपोषण के साथ ही शारीरिक, मानसिक एवं संज्ञानात्मक विकास की क्षति होती है।

### राज्यपाल को किशनपुर की घटना के संबंध में ज्ञापन सौंपा

**रायपुर।** राज्यपाल अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. ममता साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट किया। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को ग्राम किशनपुर, थाना-पिथौरा, जिला-महासमुंद में पदस्थ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं उसके पति तथा दो मासूम बच्चों की मई 2018 में हुई हत्या के संबंध में ज्ञापन सौंपा और आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया।

# शासन की नीतियों का आधार है जनगणना-कलेक्टर यशवंत कुमार

**» जनगणना 2021 हेतु चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न**




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** भारत की जनगणना 2021 की तैयारी के संबंध में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस अवसर पर कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा शासन की एक दशक तक के नीतियों का आधार जनगणना के आंकड़े ही होते है। यह एक वृहत स्तर पर समय-सीमा में पूर्ण किया जाने वाला कार्य है।

प्रत्येक जनगणना में कई नई चीजें जुड़ती जाती है अतः सभी चार्ज अधिकारी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण ले तथा जमीन स्तर पर प्रशिक्षण में बताये अनुसार पूरी सावधानी से त्रुटिरहित आंकड़े जमा करवायें। जनगणना अधिकारी लक्ष्मण मुखी ने कहा कि जनगणना का कार्य सिर्फ हेड काऊंटिंग करना नहीं है अपितु लोगों की सामाजिक, आर्थिक परिदृश्य की जानकारी जुटाना भी है। शासन की योजनाओं एवं निर्माण तथा क्रियान्वयन में जनगणना के आंकड़ों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस बार जनगणना का कार्य प्रगणक की सुविधा अनुसार ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड में किया जाएगा। प्रशिक्षण के दूसरे दिन समस्त चार्ज अधिकारियों को एनपीआर व इससे संबंधित मोबाइल एप के बारे में तकनीकी जानकारी दी गई तथा एप को उपयोग करना सिखाया गया। साथ ही पूरी प्रक्रिया की निगरानी व प्रबंधन से जुड़े पहलुओं से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, एसडीएम सारंगढ़ चंद्रकांत वर्मा, आयुक्त नगर निगम राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, एसडीएम रायगढ़ आशीष देवांगन, एसडीएम लैलूंगा अभिषेक गुप्ता, जिला जनगणना अधिकारी सुश्री अभिलाषा पैंकरा, मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल व अनिल गुप्ता, एस.सी.सिंह सहित जिले के समस्त तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी व चार्ज अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जनगणना-रायगढ़ जिला फैक्ट

जनगणना के लिए जिले को चार्जो में बांटा गया है, चार्ज से आशय एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र से है, सामान्यतः ग्रामीण क्षेत्र में तहसील तथा नगरीय क्षेत्र में नगरीय निकाय को चार्ज बनाया जाता है।

### जिले का चार्जों में विभाजन

» कुल चार्ज की संख्या-19
नगर चार्ज (नगरीय निकाय अंतर्गत)-10
ग्रामीण चार्ज (तहसील के अंतर्गत)-9
संलग्न मानव संसाधन
मास्टर ट्रेनर-2
फिल्ड ट्रेनर-93
सुपरवाईजर-559
प्रगणकों की संख्या-2797
जनगणना कार्य का क्रियान्वयन
जनगणना कार्य दो चरणों में होगी संपादित
प्रथम चरण-मकान सूचीकरण, एनपीआर अद्यतीकरण
किए जाने का दिनांक-25 अप्रैल से 10 जून 2020
द्वितीय चरण-जनगणना कार्य
किए जाने का दिनांक-9 फरवरी से 28 फरवरी 2021
प्रयुक्त होने वाले मोबाइल एप
Census 2021 House List
Census 2021 NP
Census 2021 House Hold
आगामी कार्यक्रम
मार्च के दूसरे सप्ताह में फील्ड ट्रेनर्स का होगा पांच दिवसीय प्रशिक्षण

## चोरी की मशरूका सहित 02 आरोपी आरोपी, भूपदेवपुर पुलिस की कार्यवाही



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना भूपदेवपुर में दिनांक 25.02.2020 को ग्राम कछार निवासी मोहितराम राठिया उम्र 32 वर्ष अपने घर पर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दिनांक 23.02.2020 को हम लोग पूरे परिवार चन्द्रपुर गांव के अन्य लोगो के साथ मिलकर घूमने गये हुये थे। घर में बुढी मां अकेली थी, चन्द्रपुर में काम निपटाने के बाद साजापाली में जाकर रात्रि रूके थे कि दिनांक 24.02.2020 को सुबह 04 बजें मां पडोसी के मोबाइल लगवाकर बतायी कि घर में चोरी हुआ है।

तब घर आकर देखे बेडरूम का ताला टूटा हुआ था और सामान इधर उधर बिखरा पडा हुआ था। बेडरूम अंदर के अलमारी में रखे नगदी रकम 10000/रूपये और कुछ जेवरात जुमला करीब 54000/रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति बेडरूम में लगे ताला को तोडकर चोरी कर ले गया था। चोरी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 42/2020 धारा 457,380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

विवेचना दरम्यान ग्राम कछार के संदेही परमेश्वर राठिया, शीतल सिंह पर चोरी का संदेह हुआ जिसे भूपदेवपुर पुलिस द्वारा तलब कर बारीकी से पूछताछ किया गया जिस पर दोनों चोरी करना स्वीकार किये । जिनके मेमोरण्डम कथन पर उनके कब्जे से चोरी की मशरूका 19 नग सोने के माला का पदक, 01 नग सोने का फुली, 01 नग चांदी का कमरबंद, 01 जोडा चांदी की पायल एवं नगदी रकम 1690/ रूपये समक्ष गवाहान जप्त कर बाजाप्ता सुमार किया गया तथा आरोपी 1-परमेश्वर राठिया पिता धनुराम राठिया उम्र 44 साल 2- शीतल सिंह पिता मनबोध सिंह उम्र 55 साल दोनों निवासी ग्राम कछार थाना भूपदेवपुर को दिनांक 26/02/2020 को गिर0 कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

**» जिला जतन शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र की स्पीच थेरेपी का मिला लाभ**

## भार्गव को मिला निःशुल्क श्रवण यंत्र



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला जतन शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में ऐसे बच्चे जिनके सुनने की क्षमता कम हैं उनका इलाज केन्द्र के ऑडिओमेट्रिक असिस्टेंट हर्षवर्धन प्रधान द्वारा स्पीच थेरेपी के माध्यम से किया जाता है।

सारंगढ़ विकास खण्ड के ग्राम अण्डोला, दहिदा निवासी दो वर्ष के भार्गव कर्ष को जन्म से ही सुनने और बोलने में दिक्कत होती थी। इलाज के लिए भार्गव के पिता भुनेश्वर कर्ष ने जिला जतन केन्द्र संपर्क करके अपने बेटे के इलाज के संबंध में जानकारी ली। जहां भार्गव के लिए निःशुल्क श्रवण यंत्र की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही एक माह तक नियमित स्पीच थेरेपी जगदीश साहू द्वारा दी गई। थेरेपी से भार्गव को आवाज सुनने में सुविधा होने लगी और वह आवाज की तरफ ध्यान देने लगा। भार्गव के पिता भुनेश्वर कर्ष अपने पुत्र के इलाज से खुश नजर आए और उन्होंने जिला जतन शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र के डॉक्टरों को धन्यवाद दिया।

## तलवार लेकर धमकाने की शिकायत, जूटमिल पुलिस मौके पर जाकर आरोपी को तलवार के साथ पकड़कर लायी



**» आरोपी पर आर्म्स एक्ट की कार्यवाही**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सराईभद्दर वार्ड क्रमांक 34 जूटमिल में दिनांक 26.2.2020 के सुबह रहने वाली महिला द्वारा जूटमिल पुलिस को एक व्यक्ति बीच सड़क में तलवार लेकर लोगों को धमकाने चमकाने की धमकी दे रहा है कि शिकायत किया गया, जिस पर चौकी में पदस्थ उप निरीक्षक झामलाल मार्को व हमराह स्टाफ मौके पर गए जहां एक व्यक्ति को तलवार लहराते हुए पकड़े आरोपी ने अपना नाम तो तोषराम साहू पिता सुमित राम साहू उम्र 27 साल निवासी सराईभद्र वार्ड क्रमांक 34 चौकी जूटमिल थाना कोतवाली रायगढ़ से एक लोहे की तलवार जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 182/2020 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

## ट्रांसफार्मर से कॉपर तार चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** टीआरएन कंपनी भेंगारी का फिल्ड सुपरवाईजर तेजेश्वर राव पिता अप्पा राव उम्र 43 वर्ष साकिन टी.आर.एन. एनेर्जी पावर लिमि भेंगारी थाना घरघोड़ा में दिनांक 26.02.2020 को थाना उपस्थित आकर आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 18.02.2020 के रात्रि 11.00 बजे करीब कंपनी का पंप आपरेटर गुलाब मुझे फोन कर बताया कि पल्सर मो0सा0 क्रमांक छ्त्र 12 4650 का चालक बनखेता डेम पास लगे बिजली ट्रांसफार्मर जो वर्तमान में चालू हालत में नही है को खोलकर ट्रांसफार्मर मे लगे कपर तार को निकालने का कोशिश कर रहा है कि सूचना पर मैं एवं कंपनी का कर्मचारी सूरेन्द्र टंडन साथ में तत्काल मौके पर गये जो हम लोगों को आते देखकर अपने पल्सर मो0सा0 में चोरी कर रहे व्यक्ति भाग गया लाईट के उजाले में उक्त व्यक्ति को भागते हुये देखे। मौके पर ट्रांसफार्मर खुला पडा हुआ था आवेदन पत्र पर से आरोपी मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध धारा 379, 511 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मोटरसाइकिल नंबर से आरोपी का नाम पता की जानकारी लेकर घरघोड़ा पुलिस द्वारा आरोपी सुमित धीवर पिता छेदीलाल भी व उम्र 19 साल निवासी अटल आवास राताखार कोरबा थाना सिटी कोतवाली कोरबा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## छत्तीसगढ़ के 8.48 लाख सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों में 71 हजार महिलाओं की भागीदारी

**नवीन औद्योगिक नीति में समग्र औद्योगिकीकरण को बढ़ावा**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के आर्थिक विकास में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम की महत्वपूर्ण सहभागिता है। राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास के साथ रोजगार सृजन की भी अपार संभावनाएं हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण जो कि भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा कराया जाता है, के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में लगभग 8 लाख 48 हजार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयॉ वर्तमान में स्थापित हैं। इनमें 71 हजार महिला उद्यमियों की भागीदारी है, जो महिला शक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। इन उद्योगों में 17 लाख व्यक्तियों को रोजगार मिल रहा है। गौरतलब है कि स्टार्टअप को बढ़ावा देने, कार्य की सुलभता, सामाजिक-आर्थिक विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में काम करने पर छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योग मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ को ओवरऑल उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। छत्तीसगढ़ में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के विकास में यहां के मानव संसाधन एवं सस्ते कुशल कामगारों के आसानी से उपलब्धता है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए आगामी आद्योगिकीकरण की अवधारणा को मजबूत करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नवीन औद्योगिक नीति 2019-24 को लागू किया गया गया है, जिसमें राज्य के सभी विकासखंडवार समग्र औद्योगिकीकरण की भावना निहित है।

## दस दिवसीय क्रॉफ्ट-बाजार- मंत्री गुरु रूद्रकुमार करेंगे शुभारंभ

**रायपुर। ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार 29 फरवरी को दुर्ग में आयोजित होने वाले दस दिवसीय क्रॉफ्ट बाजार - दुर्ग - 2020 का शुभारंभ करेंगे।**




**» क्रॉफ्ट बाजार का दुर्ग में 29 फरवरी से 9 मार्च तक होगा आयोजन**

इस क्राफ्ट बाजार का आयोजन विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। क्रॉफ्ट बाजार 29 फरवरी से 09 मार्च तक प्रातः 11 से रात्रि 9 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार दस दिवसीय शिल्प बाजार मेले का आयोजन 29 फरवरी से 09 मार्च तक गोंडवाना भवन दुर्ग में किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि राज्योत्सव और राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव जैसे बड़े आयोजनों के शिल्पग्राम में हाथकरघा वस्त्रों की बड़ी मांग थी। वहां सस्ते, सुंदर और आकर्षक होने के कारण इन वस्त्रों को काफी सराहना मिली थी।

दुर्ग में आयोजित होने वाले दस दिवसीय क्राफ्ट बाजार में देश एवं प्रदेश के कलाकार और प्रदेश के हस्तशिल्पी एवं हैंडलूम बुनकर समितियां भाग ले रही हैं। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य देश के कोने-कोने से आए कलाकारों को एक बाजार देकर प्रदेश की जनता को हस्तशिल्प और हाथकरघा वस्त्रों से सीधे जोड़ना है।

मेले में मध्यप्रदेश की चंदेरी साड़ी, कशीदाकारी, बनारसी जरी, लखनवीं चिकन, बाघ, बटीक साड़ी, छत्तीसगढ़ राज्य की विख्यात कोसा साड़ी एवं ड्रेस मटेरियल के अलावा बस्तर एवं रायगढ़ का बेलमेटल शिल्प के साथ ही हस्तशिल्प की अन्य आकर्षक कलात्मक शिल्प सामग्रियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।


## कोतरारोड़ से बालिका लापता एफआईआर दर्ज




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतरारोड़ में दिनांक 26.02.2020 को 13 वर्षीय बालिका के पिता ने बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। बालिका के पिता ने बताया कि दिनांक 26.02.2020 के दोपहर बालिका की मां उसे पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए बोली जिससे नाराज होकर बालिका घर में बिना बताए कहीं चली गई। बालिका को अंतिम बार दोपहर में पड़ोसी ने जिंदल अस्पताल के आगे अकेली देखा था। बालिका अब तक घर नहीं आई है ना ही उसका कहीं पता चला है। गुम रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 28/धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## जिन किसानों को टोकन दिए गए हैं उनका परीक्षण कर धान खरीदी की जाएगी - भूपेश बघेल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन पारित किया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने चर्चा का जवाब देते हुए एक बार दोहराया कि किसानों को धान की प्रति क्विंटल 2500 रूपए कीमत दी जाएगी।

श्री बघेल ने कहा कि जिन किसानों को टोकन दिए गए हैं उनका धान खरीदा जाएगा। हर जिले में सचिव स्तर के अधिकारी जाकर परीक्षण करेंगे और उसके बाद धान खरीदी की जाएगी। बघेल ने बताया कि बीजापुर जिले में अब तक 48 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई, लेकिन खरीदी के अंतिम दिन 16 हजार मीट्रिक टन धान समितियों में आया।



राज्य सरकार के संचित निधि का उपयोग किसानों के हित में हो बिचौलियों या दलालों के नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धान खरीदी के लिए बैंकों के साथ बाजार से भी ऋण लेगी लेकिन अपने अन्नदाता किसानों को दुखी नहीं होने देगी। चर्चा का जवाब देते हुए श्री बघेल ने कहा कि राज्यपाल ने राज्य शासन की नीतियों, नवाचारों, उपलब्धियों और जनजीवन पर पड़ने वाले उनके असर का अपने अभिभाषण में उल्लेख किया। साथ ही सदन की परंपराओं और कार्यप्रणाली की भी उन्होंने सराहना की। इसके लिए पूरा सदन उनके प्रति कृतज्ञ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ में उपलब्ध अतिरिक्त धान से बायोएथेनॉल के उत्पादन संयंत्र की स्थापना हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार से अनेक बार अनुरोध कर चुकी है।

प्रधानमंत्री को पत्र लिखे गए, केंद्रीय कृषि मंत्री, केन्द्रीय खाद्य मंत्री और केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री से मुलाकात कर अनुरोध किया गया, लेकिन एक वर्ष के लिए अनुमति प्रदान करने की बात कही गई है। यदि कोई निवेशक एक से डेढ़ सौ करोड़ रुपए का निवेश करके एक वर्ष के लिए संयंत्र लगाता है, तो यह उसके लिए लाभप्रद नहीं होगा। यदि इथेनॉल उत्पादन की अनुमति मिलती है तो किसानों को बरसात के साथ-साथ गर्मियों के धान की भी अच्छी कीमत मिलेगी, पेट्रोलियम ईंधन पर खर्च होने वाला पेट्रो डॉलर की बचत होगी और एफसीआई पर भण्डारण का दबाव भी कम होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में किसानों से रिकॉर्ड 83 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई है। वर्ष 2018-19 में जितने किसानों ने पंजीयन कराया था उसका 92.54 प्रतिशत किसानों ने धान समर्थन मूल्य पर बेचा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480